जनपद मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 24.02.2026 को मा0 मुख्यमंत्री जी डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास कार्यो से संबंधित) समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–

दिनांक 24.02.2026 को मा0 मुख्यमंत्री जी डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास/निर्माण कार्यो से संबंधित) माह जनवरी 2026 की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का कार्यवृत्त निम्न प्रकार हैः–

**निर्माण कार्यो की समीक्षाः–**

1. **मेरठ में 04 लाख ली0 प्रतिदिन क्षमता का डेयरी प्लान्टः–** 04 लाख ली0 प्रतिदिन क्षमता का डेयरी प्लान्ट का निर्माण कार्य आई0डी0एम0सी0 द्वारा कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा यह अवगत कराया गया कि विद्युत संयोजन का कार्य शेष है जिसके लिए झटपट पोर्टल पर 31.10.2025 को आवेदन किया गया था। अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत कनेक्शन हेतु स्टीमेट उपलब्ध कराया दिया गया, किन्तु विद्युत कनेक्शन हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा धनराशि अभी तक जमा नहीं की गई। प्रोजेक्ट मेनेजर आई0डी0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत कनेक्शन हेतु धनराशि की मांग की गयी है। जिलाधिकारी के स्तर से पुनः पत्र प्रेषित कराने के निर्देश दिये गये है।
2. **अनूपशहर शाखा खण्ड गंगा नहर मेरठ नियंत्रणधीन दयालपुर माईनर के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 131.940 तक क्षमता पुर्नस्थापना एवं पक्की संरचनाओं की मरम्मत की परियोजना :–** अनूपशहर शाखा खण्ड गंगा नहर मेरठ नियंत्रणधीन दयालपुर माईनर के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 131.940 तक क्षमता पुर्नस्थापना एवं पक्की संरचनाओं की मरम्मत की परियोजना की कार्यदायी संस्था सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग है। उक्त कार्य नवम्बर 2025 से प्रारम्भ होकर मार्च 2027 तक पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। कार्यदायी संस्था को तकनीकी समिति द्वारा किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या में इंगित कमियों का निराकरण कराते हुए निर्माण कार्यो को समयान्तर्गत निर्धारित मानको के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।
3. **जनपद मेरठ के ग्राम भमौरी में शहीदों की स्मृति में स्थापित शहीद स्मारक का सौन्दर्यकरण के साथ ही उसमें एक संग्रहालय का निर्माणः–** उक्त कार्य कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाईन सर्विस, उ0प्र0 जल निगम द्वारा सम्पादित कराया जा रहा है। उक्त कार्य अगस्त 2024 में प्रारभ होकर दिसम्बर 2025 तक पूर्ण कराया जाना है। परन्तु अभी तक 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। उक्त कार्य की समयवृद्धि संक्षम स्तर से स्वीकृत कराते हुए पोर्टल पर अपडेट कराने तथा तकनीकी समिति द्वारा किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या में इंगित कमियों का निराकरण कराते हुए निर्माण कार्यो को समयान्तर्गत निर्धारित मानको के अनुरूप पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता सी0एण्ड डी0एस0 को निर्देशित किया गया।
4. **जनपद मेरठ के विधान सभा क्षेत्र सिवालखास के विकास खण्ड रोहटा के ग्राम पूठखास में महाभारत कालीन अति प्राचीन पांडेंश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास कार्यः–** उक्त कार्य उ0प्र0 प्रोजेक्टस कारपोरेशन लि0 द्वारा अंकन रू0 1.82 करोड के अन्तर्गत सम्पादित कराया जा रहा है। कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण हुआ है। परियोजना प्रबन्धक यू0पी0 पी0सी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य को माह मार्च 2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। उक्त कार्य की संक्षम स्तर से समयवृद्धि हेतु स्वीकृति प्राप्त करते हुए पोर्टल पर अपडेट कराने तथा तकनीकी समिति द्वारा किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या में इंगित कमियों का निराकरण कराते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित मानको के अनुरूप माह मार्च 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।
5. **मवाना वाटर सप्लाई रिकोगनाईजेशन स्कीम का निर्माण कार्य**:– उक्त कार्य कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम(शहरी) द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कार्य की भौतिक प्रगति 88 प्रतिशत है।

**विकास कार्यो की समीक्षाः–**

**1–पी0एम0 सूर्य घर योजनाः–** परियोजना अधिकारी नेडा द्वारा अवगत कराया गया कि पी0एम0 सूर्य घर योजनान्तर्गत जनपद में मार्च 2027 तक एक लाख घरों पर सोलर पैनल लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2025–26 में लक्ष्य 7835 के सापेक्ष 6491 प्राप्त किया गया जो लक्ष्य का 80.18 प्रतिशत है विद्युत विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए सोलर पैनल की स्थापना हेतु स्थानीय निवासियों तथा सरकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहित के निर्देश दिये गये।

**2–अल्प संख्यक कल्याण–दशमोत्तर छात्रवृत्ति प्रतिपूर्ति योजनाः–**अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष में कुल 10816 छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन किया गया जिसमें से 1249 आवेदन शिक्षण संस्थान द्वारा निरस्त किये गये तथा शिक्षण संस्थान स्तर पर लम्बित आवेदनों की संख्या 286 एवं अग्रसरित आवेदनों की संख्या 9279 है। पी0एफ0एम0एस0 द्वारा लम्बित/निरस्त आवेदनों की संख्या 370 है। शैक्षिक संस्थान द्वारा आवेदनो के निस्तारण का प्रतिशत 97.34 है। निर्देश दिये गये लम्बित आवेदनों का शतप्रतिशत निस्तारण कराते हुए जनपद की रैंक में सुधार किया जायें।

**4–ग्राम्य विकास–डे एन0आर0एल0एम0 बैंक क्रडिट लिकेंजः–** विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में बैक RF दिये जाने का लक्ष्य 560 सापेक्ष RF प्राप्त समूहो की संख्या 264 है। चालू वित्तीय वर्ष में CIF दिये जाने का लक्ष्य 1511 के सापेक्ष CIF प्राप्त समूहो की संख्या 723 है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में RF KPI-1 47.14 प्रतिशत तथा CIF KPI-2 47.85 प्रतिशत है। RF KPI-1 एवं CIF KPI-2 का ओसत 47.50 प्रतिशत है। विभागीय अधिकारी को निर्देश दिये गये कि RF प्राप्त समूहो एवं CIF प्राप्त समूहो की संख्या अपेक्षित सुधार करते हुए प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक में सुधार सुनिश्चित किया जायें।

**5–नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति–जल जीवन मिशन हर घर जलः–** विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल परिवारों की संख्या 314481 के सापेक्ष उपलब्ध कराये गये गृह नल संयोजन की संख्या 303298 है। विभागीय अधिकारी को निर्देश दिये गये कि गृह नल संयोजन प्रगति में सुधार करते हुए प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक में सुधार सुनिश्चित किया जायें।

**6–नियोजन–फैमिली आई0डी0ः–** विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया जनपद हेतु प्राप्त फैमिली आई0डी0 आवेदनों के की संख्या 47047 में से 38240 आवेदन स्वीकृत तथा 8054 आवेदन अस्वीकृत तथा 653 आवेदन लम्बित है। जनपद में फैमिली आई0डी0 सृजन का लक्ष्य 70412 है जिसके सापेक्ष 4782 फैमिली आई0डी0 सृजित हुई। फैमिली आई सृजन का प्रतिशत 67.93 है। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष 03 दिन में शत प्रतिशत फैमिली आई0डी0 के आवेदन कराने के निर्देश दिये गये। परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण मेरठ को खण्ड विकास अधिकारी परीक्षितगढ एवं हस्तिनापुर को फैमिली आई0डी0 बनाने में अपेक्षित सहयोग न करने के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत करने हेतु पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**7–पिछडा वर्ग कल्याण–शादी अनुदान योजनाः–** पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष में शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत कुल 323 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 190 आवेदन अनुमोदित तथा 73 आवेदन अस्वीकृत किये गये। शादी अनुदान हेतु प्राप्त आवेदनों का शतप्रतिशत निस्तारण करते हुए प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक में सुधार किया जायें।

**8–महिला बाल विकास–आई0सी0डी0एस0 पोषण अभियानः–**विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि आई0सी0डी0एस0 पोषण अभियान के तहत विगत 3 माह में सैम से मैंम श्रेणी में परिवर्तित बच्चो की संख्या 47 तथा विगत तीन माह में मैम से सामान्य श्रेणी में सुधरे बच्चों की संख्या 1134 है। गत तीन माह में कुपोषित बच्चों मे सुधार का प्रतिशत 50.30 है। प्रोजेक्ट में जनपद की रैक 31 एवं ग्रेड सी है। निर्देश दिये गये माह फरवरी 2026 में प्रोजेक्ट की रैंक में सुधार सुनिश्चत किया जाये।

304 एवं अग्रसरित आवेदनों की संख्या 11494 है। पी0एफ0एम0एस0 द्वारा लम्बित/निरस्त आवेदनों की संख्या 227 है। शैक्षिक संस्थान द्वारा निस्तारण का KPI-1 का प्रतिशत 97.74 एवं जनपदीय छात्रवृत्ति समिति के निस्तारण KPI-2 का प्रतिशत 9.42 है। लम्बित आवेदनों का शतप्रतिशत निस्तारण कराते हुए जनपद की रैंक में सुधार किया जायें।

**सामान्य निर्देश**

1. मुख्य विकास अधिकारी को जनपद में निर्माणाधीन बडी परियोजनाओं का निरीक्षण करने तथा वार्ड/मौहल्लो में जनता के साथ बैठक कर फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश दिये गये कि उक्त परियोजनाओं से आम जनमानस को कोई परेशानी तो नहीं है।
2. क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी मेरठ को शहीद स्मारक की सुन्दरता बढाने को दृष्टिगत रखते हुए बाउन्ड्रीवाल निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रेषित कराने के निर्देश दिये गये।

09/03/2026

(डा0 वी0 के0 सिंह)
जिलाधिकारी
मेरठ।

## कार्यालय– जिलाधिकारी, मेरठ।

पत्र सं0 1078 /मासिक बैठक/जनवरी–26/2025–26 दिनांक: 10-03-2026.

1– सचिव, कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।
2– संयुक्त विकास आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
3– मुख्य विकास अधिकारी मेरठ।
4– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, कलक्ट्रेट परिसर मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यवृत्त को जनपद की वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5– उप निदेशक सूचना, मेरठ मण्डल मेरठ।
6– समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को अनुपालनार्थ।

09/03/2026

जिलाधिकारी
मेरठ।